https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ instagram.com/palpalrajasthannews https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 41 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, शुक्रवार, 21 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर ज़िन्दगी का
ANANTA HOSPITAL




## सार संक्षेप

### ओबीसी कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मिले राहुल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कर्मचारी कल्याण महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को यहां संसद भवन परिसर में लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में इस वर्ग के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बातचीत की। श्री गांधी ने कहा कि वे सरकार से न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

### युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का हुआ तलाक



**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के बीच तलाक हो गया है। बांद्रा फैमिली कोर्ट ने दोनों की तलाक अर्जी पर अपनी मंजूरी दे दी। कोर्ट की सुनवाई के खत्म होने के बाद दोनों पक्षों के वकीलों ने इसकी जानकारी दी। युजवेंद्र चहल के वकील नितिन गुप्ता ने कहा कि दोनों की शादी खत्म हो गई है। कोर्ट ने तलाक की अर्जी स्वीकार कर ली है और अब दोनों का तलाक हो गया है।

### अमेरिका रूस बैठक में शामिल नहीं होगा यूक्रेन



**मॉस्को।** यूक्रेन रविवार को सऊदी अरब में होने वाली अमेरिका और रूसी प्रतिनिधिमंडलों के बीच वार्ता में भाग नहीं लेगा। 'द गार्जियन' अखबार ने यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार मिखाइलो पोडोल्याक के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि पोडोल्याक ने स्वीकार किया कि यूक्रेन से जुड़ी आगे की वार्ता कब होगी, यह जानने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के नतीजों का इंतज़ार करना जरूरी होगा।

### हाथरस यौन शोषण का आरोपी प्रोफेसर गिरफ्तार



**हाथरस।** उप्र के हाथरस में कई छात्राओं के साथ यौन शोषण कर उनकी अश्लील वीडियो बनाने के आरोपी प्रो. रजनीश कुमार को पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। एक अज्ञात छात्रा ने रजनीश कुमार के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी के लिए थाना हाथरस गेट, एसओजी, सर्विलांस, साइबर पुलिस की टीमें बनाई गई थीं।

# मस्क की कंपनी ने भारत सरकार पर किया मुकदमा

## एक्स कॉर्प ने कर्नाटक हाईकोर्ट में सरकार के खिलाफ याचिका दायर की

**बेंगलुरु,** 20 मार्च (एजेंसियां)। एलन मस्क की कंपनी एक्स कॉर्प ने कर्नाटक हाईकोर्ट में भारत सरकार के खिलाफ याचिका दायर की है। उन्होंने भारत सरकार के आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) पर सवाल उठाए हैं। कंपनी का कहना है कि यह नियम एक गैरकानूनी और अनियमित सेंसरशिप सिस्टम बनाता है, जिसके तहत कंटेंट को ब्लॉक कर प्लेटफॉर्म के संचालन को प्रभावित किया जा रहा है। इस धारा में बताया गया है कि किन परिस्थितियों में सरकार को इंटरनेट के कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार होता है। कंपनी ने कहा है, कंटेंट हटाने के लिए लिखित में कारण बताना आवश्यक है और फैसला लेने से पहले उचित सुनवाई की व्यवस्था करनी होती है। इसे कानूनी रूप से चुनौती देने का अधिकार भी होना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कहा है कि भारत सरकार ने इन सब में से किसी भी नियम का इस्तेमाल नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, याचिका में कहा गया है कि सेंसरशिप का यह तरीका पूरी तरह से गैरकानूनी और अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन है।



- आईटी एक्ट के इस्तेमाल पर उठाए सवाल
- अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन बताया

याचिका में कहा गया है कि सरकार धारा 79(3)(बी) की गलत व्याख्या कर रही है और ऐसे आदेश दे रही है, जो धारा 69ए के नियमों का पालन नहीं करते. इस धारा में बताया गया है कि सरकार किन परिस्थितियों में इंटरनेट के कंटेंट को ब्लॉक कर सकती है. कंपनी ने 2015 के श्रेया सिंघल केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला भी दिया है।

### ग्रोक एआई को लेकर भारत ने पूछा सवाल

यह मामला ऐसे समय में हुआ है जब केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक्स कॉर्प से उसके एआई चैटबॉट ग्रोक को लेकर सवाल पूछे हैं। ग्रोक कई सवालों के जवाब में गालियों का इस्तेमाल कर रहा है, जिसे लेकर भारत सरकार ने कंपनी से स्पष्ट जवाब मांगा है। इससे पहले साल 2022 में कंपनी को धारा 69ए के तहत कंटेंट हटाने का आदेश दिया गया था।

### क्या कहता है आईटी अधिनियम

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (आई एंड बी) का कहना है कि आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को न्यायालय के आदेश या सरकारी अधिसूचना द्वारा निर्देशित होने पर अवैध सामग्री को हटाने का आदेश देती है। इसमें कहा गया है कि अगर कोई प्लेटफॉर्म 36 घंटों के भीतर ऐसा करने में विफल रहता है, तो उसे धारा 79(1) के तहत अपने बचाव के रास्ते खो देगा। इतना ही नहीं उसे आईपीसी सहित विभिन्न कानूनों के तहत जवाबदेह भी ठहराया जा सकता है।




# परिसीमन के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन

- संसद में नारे लिखी टीशर्ट पहनकर पहुंचे
- लोकसभा स्पीकर ओम बिरला हुए नाराज

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। बजट सत्र के सातवें दिन गुरुवार को डीएमके और कई विपक्षी सांसद नारे लिखी टी शर्ट पहनकर संसद में पहुंचे। विपक्ष की नारेबाजी और नियमों के उल्लंघन के कारण लोकसभा और राज्यसभा में कोई भी कामकाज नहीं हो सका। संसद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में डीएमके के सांसद जो टीशर्ट पहनकर पहुंचे थे, उस पर केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ लिखा था- तमिलनाडु लड़ेगा और जीतेगा। इसे देखकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सांसद जब टीशर्ट बदलकर आएंगे तभी सदन चलेगा। डीएमके सदस्यों ने केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन पर अपनी चिंताओं को लेकर दोनों सदनों में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद लोकसभा पहले दोपहर 12 बजे, फिर 2 बजे और उसके बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। जबकि राज्यसभा दोपहर 12 बजे, दोपहर 12.15 बजे, दोपहर 2 बजे और उसके बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। द्रमुक का कहना है कि परिसीमन में तमिलनाडु के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### सरकार केवल भ्रमित कर रही : कनिमोझी

सुश्री कनिमोझी ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, हमारे नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन परिसीमन और उससे राज्यों के हितों पर संभावित प्रभाव के बारे में चिंता जताते आ रहे हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि परिसीमन निष्पक्ष तरीके से हो। हम यह भी चाहते हैं कि केंद्र सरकार इस मामले में स्पष्टीकरण दे, लेकिन सरकार हमें केवल भ्रमित कर रही है।

# छत्तीसगढ़ में 30 नक्सली मारे गए, एक जवान शहीद

**बीजापुर,** 20 मार्च छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए। बीजापुर की मुठभेड़ में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान भी शहीद हुआ है। बस्तर के आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि घटनास्थल से नक्सलियों के शव और कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इधर, तीसरी घटना में नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गए। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस को गंगालूर इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया। फोर्स एक दिन पहले एंड्री इलाके में पहुंच गई थी। गुरुवार की सुबह यहां मुठभेड़ हुई।



- बीजापुर में 26, कांकेर में 4 शव मिले
- कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए

### 'नक्सल मुक्त भारत अभियान' में मिली बड़ी कामयाबी : शाह

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के मारे जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 'नक्सल मुक्त भारत अभियान' में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। उन्होंने ये भी कहा कि अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सल मुक्त हो जाएगा।

# 13 महीने बाद खुला शंभू बॉर्डर

**चंडीगढ़,** 20 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा-पंजाब का शंभू बॉर्डर गुरुवार 13 महीने बाद पूरा खुल गया है। यहां अंबाला से पटियाला आने-जाने की दोनों लेन पर ट्रैफिक चालू हो गया है। इससे पंजाब से हरियाणा और दिल्ली आने-जाने वालों को लंबे समय बाद राहत मिल गई है। वहीं दिल्ली-पटियाला हाईवे पर बने खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने अपने क्षेत्र की दोनों लेन खोल दी हैं। वहां से सीमेंट की बैरिकेडिंग हटा ली गई है।

वहीं बुधवार 19 मार्च की रात को पुलिस ने शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को हटा दिया था। इसको लेकर पंजाब के सभी जिलों में किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों के हाईवे जाम करने की कोशिश में 5 जिलों, बठिंडा, मुक्तसर, मोगा, फरीदकोट व होशियारपुर में उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। इधर, पुलिस ने गुरुवार सुबह किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को पंजाब में आर्मी के कंट्रोल वाले जालंधर कैंट के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया है।



- पंजाब में कई जगहों पर पुलिस-किसानों में हुई झड़प
- खनौरी बॉर्डर से भी बैरिकेडिंग हटाई गई

### पंजाब सरकार किसानों को रिहा करे : टिकैत

किसान नेता राकेश टिकैत ने पंजाब की आप सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई केंद्र सरकार के खिलाफ थी, लेकिन राज्य सरकार तो बेवजह ही कूद गई। किसान नेता राकेश टिकैत ने जो भी किसान गिरफ्तार किए गए हैं, उन्हें जल्द से जल्द छोड़ा जाए।

### भाजपा और आप दोनों किसान विरोधी : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आम आदमी पार्टी(आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को किसान विरोधी करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इन दोनों ने किसानों के खिलाफ सांठगांठ की है और देश के अन्नदाताओं को जबरन धरना स्थल से हटाया है। श्री खरगे ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि दो किसान विरोधी पार्टियों ने देश के अन्नदाता के विरोध में अब सांठगांठ कर ली है। पहले किसानों को पंजाब सरकार ने बातचीत के लिए बुलाया, फि र उनको जबरन धरना स्थल से हटा दिया गया । देश के 62 करोड़ किसान, इन किसान-विरोधी पार्टियों को कभी माफ नहीं करेंगे।



दोनों ने मिलकर किसानों को जबरन धरना स्थल से हटाया

# मंदिरों पर बुलडोजर कार्रवाई रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली में तीन मंदिरों पर बुलडोजर एक्शन के खिलाफ याचिका सुनने से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से दिल्ली हाई कोर्ट जाने को कहा है. देर रात दाखिल हुई याचिका को विशेष अनुरोध पर सुबह 3 जजों की बेंच के सामने सूचीबद्ध किया गया था।

बेंच के अध्यक्ष जस्टिस विक्रम नाथ ने शुरू में याचिकाकर्ता के वकील विष्णु शंकर जैन से दोपहर 2 बजे सुनवाई की बात कही। उन्होनें यह भी कहा कि वह अपनी याचिका की कॉपी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के वकील को दें ताकि वह इस पर पक्ष रख सकें, लेकिन इसके तुरंत बाद जस्टिस विक्रम नाथ ने अपने साथी जजों जस्टिस संजय करोल और संदीप मेहता से बात की और उनका रुख बदल गया। उन्होंने याचिका कर्ता के वकील से कहा कि उन्हें हाई कोर्ट जाना चाहिए। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेज 2 के 3 मंदिरों पूरबो दिल्ली काली बारी, अमरनाथ मंदिर और बद्रीनाथ मंदिर के लिए पेश एडवोकेट विष्णु जैन ने आपात स्थिति का हवाला दिया।



याचिकाकर्ता से दिल्ली हाई कोर्ट जाने को कहा

### मंदिर तोड़ने की भाजपा की साजिश का पर्दाफाश : 'आप'

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मयूर विहार फेस दो में स्थित मंदिर को तोड़ने के लिए बुलडोजर और पुलिस को भेजने पर आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गुरुवार को तीखा हमला किया। 'आप' की वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आज कहा, दिल्ली के लोगों के सामने मंदिर तोड़ने की भाजपा की साजिश का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा पहले मंदिर तोड़ने का आदेश देती है फिर पुलिस और बुलडोजर भेजती है, लेकिन जब लोग विरोध करते है तब कहती है कि हमने नहीं भेजा।

# नागपुर हिंसा में 6 पर देशद्रोह का केस दर्ज

- अब तक 84 लोगों को गिरफ्तार किया गया
- विश्व हिंदू परिषद के भी 8 कार्यकर्ता शामिल

**नागपुर,** 20 मार्च (एजेंसियां)। औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा के मामले में मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज हुआ है। फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है। पुलिस ने अब तक 84 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें विश्व हिंदू परिषद के भी 8 कार्यकर्ता शामिल हैं। 19 आरोपियों को 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। वहीं, तीन दिन बाद हिंसा प्रभावित कपिलवन और नंदनगढ़ इलाके से कर्फ्यू हटा दिया गया है। साइबर सेल ने अफवाह फैलाने और हिंसा भड़काने के मामले में 34 सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्रवाई की है, साथ ही 10 एफआईआर की गई हैं। इसके अलावा पुलिस ने बुधवार को मामले में बांग्लादेश कनेक्शन मिलने का दावा किया है।

### औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ाई गई

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के खुल्दाबाद स्थित औरंगजेब की कब्र के आसपास सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। कब्र को हटाने के विवादों और बयानबाजी के चलते, पुलिस ने इलाके में अपनी मौजूदगी और बढ़ा दी है। कब्र की सुरक्षा को और सख्त बनाने के लिए कब्र के पीछे की दीवार पर लोहे की चादर लगाई गई है।

# अमेरिका में भारतीय शोधकर्ता गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क,** 20 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में शोध कर रहे भारतीय मूल के बदर खान सूरी को आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है और वकील के अनुसार सूरी को निर्वासित किया जा सकता है। पोलिटिको ने सूरी के वकील के हवाले से बताया कि, बदर खान सूरी को सोमवार को वर्जीनिया राज्य के वाशिंगटन उपनगर में उनके घर के बाहर नकाबपोश अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया, जिन्होंने उन्हें बताया कि उनका छात्र वीजा रद्द कर दिया गया है। सूरी जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में पोस्ट-डॉक्टरल फेलो थे, जहां वे 'दक्षिण एशिया में बहुसंख्यकवाद और अल्पसंख्यक अधिकार' पर एक पाठ्यक्रम पढ़ा रहे थे।



निर्वासित किए जाने का है खतरा

**रिपोर्ट** *फिनलैंड लगातार आठवें साल सबसे खुशहाल देश बना*

# खुशहाल देशों की सूची में भारत पाकिस्तान से पीछे

**वॉशिंगटन, 20 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को दुनिया के खुशहाल देशों की लिस्ट (वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025) जारी की है। मौजूदा साल 2025 की इस लिस्ट में कुल 147 देशों को शामिल किया गया है। भारत को इसमें 118वां स्थान मिला है। ये स्थिति काफी कमजोर दिखती है लेकिन बीते साल के लिहाज से भारत की रैंकिंग में सुधार आया है।**

2024 में भारत को 126वां स्थान मिला था। इस साल आठ पायदान के सुधार के साथ भारत का नंबर 118वां है। इस लिस्ट की मानें तो फिलिस्तीन, यूक्रेन समेत कई युद्धग्रस्त देशों के लोग भारतीयों से ज्यादा खुश हैं। फिनलैंड एक बार फिर से दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना है। यह लगातार आठवां साल है, जब फिनलैंड ने अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। इस लिस्ट में युद्ध, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दे से घिरे यूक्रेन, मोजाम्बिक, ईरान, इराक, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, कांगो, युगांडा, गाम्बिया और वेनेजुएला जैसे देशों की रैंकिंग भारत से बेहतर है। भारत हालिया वर्षों में 2022 ही में टॉप-100 में जगह बनाने में कामयाब हुआ था। सिएरा लियोन को 146वां, लेबनान 145, मालावी 144 और जिम्बाब्वे को 143वां नंबर मिला है। ब्रिटेन को 23वां और अमेरिका को 24वां नंबर मिला है। इस लिस्ट में पाकिस्तान की रैंकिंग 109 है। वह भारत से 9 पायदान ऊपर है। खुशहाल देशों की इस रिपोर्ट को 147 देशों के लोगों की जीवन की गुणवत्ता के मूल्यांकन के आधार पर बनाया जाता है। यह रिपोर्ट लोगों से ऐसे सवाल पूछकर बनाई जाती है कि वे अपने जीवन से कितने खुश है।



- भारत को 118वां स्थान मिला
- वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट हुई जारी

### पाकिस्तान की रैंकिंग 109

इस लिस्ट के टॉप-5 देशों की बात करें तो फिनलैंड पहले, डेनमार्क दूसरे, आईसलैंड तीसरे, स्वीडन चौथे और नीदरलैंड पांचवें नंबर पर है। वहीं खबसे कम खुशहाल देश यानी नीचे से रैंकिंग देखी जाए तो अफगानिस्तान सबसे नीचे (147वां नंबर) है।

## आक्रोशित ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट, विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

# कानादेव का गुडा में पंचायत मुख्यालय बदलने की प्रक्रिया से ग्रामीण खफा

पल पल राजस्थान

**राजसमन्द।** राजसमन्द पंचायत समिति अन्तर्गत कानादेव का गुडा ग्राम पंचायत का पंचायत मुख्यालय बदलने सहित मौजूदा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने की प्रस्तावित प्रक्रिया को लेकर आक्रोशित सैकडों ग्रामीण गुरूवार को यहां जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे एवं जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कलक्टर को ज्ञापन सौंपा तथा पंचायत मुख्यालय एवं तमाम व्यवस्थाएं यथावत सुचारू रखने की पुरजोर मांग की। पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शांतिलाल कोठारी के नेतृत्व में स्थानीय सरपंच मीरा सालवी, खेमराज श्रीमाली, चूनसिंह, राजूसिंह, भंवरसिंह, बाबूसिंह, बाबूलाल कोठारी, प्रवीण श्रीमाली, दयालाल श्रीमाली, मदन दुग्गड, कृष्णकांत श्रीमाली, रामचन्द्र श्रीमाली, भुवनेश श्रीमाली, विजय सिंह, कमलेश श्रीमाली, चन्द्रप्रकाश वैष्णव, प्रकाश सालवी, उदयलाल सालवी सहित सैकडों ग्रामीण कई बसों व अन्य वाहनों से कलेक्ट्रेट पहुंचे। इनमें कानादेव का गुडा, दोवड व धनवल गांवों के युवा, बुजुर्ग एवं बडी संख्या में महिलाएं शामिल थी।



यहां कलेक्ट्रेट परिसर स्थित उद्यान में एकत्रित हुए ग्रामीणों ने पंचायत मुख्यालय कानादेव का गुडा को ही यथावत रखने के समर्थन में जमकर नारेबाजी की तथा कतिपय जनप्रतिनिधियों पर राजनीतिक द्वेषतापूर्वक पंचायत मुख्यालय बदलने का षडयंत्र रचने एवं पंचायत में चल रही विकास की गति को अवरूद्ध करने का आरोप लगाते हुए कडा आक्रोश जताया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में हुई सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रधान शांतिलाल कोठारी सहित वरिष्ठजनों ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने कानादेव का गुडा एवं इससे जुडे गांवों के समुचित विकास को बढ़ावा देने एवं अन्य प्रशासनिक मानदंडों के मद्देनजर कानादेव का गुडा को नई पंचायत का दर्जा दिया था। इसके बाद कानादेव का गुडा पंचायत मुख्यालय पर पंचायत भवन के साथ करोडों रूपए लागत से कई नए सरकारी भवन बनाए गए। वर्तमान में यहां किसान सेवा केन्द्र, पटवार मण्डल, जीएसएस, उचित मूल्य वितरण केन्द्र सहित तमाम शासकीय व्यवस्थाएं सुचारूरूप से संचालित है। उन्होंने कहा कि नई पंचायत बनने के बाद पंचायत क्षेत्र में करोडों रूपए के विकास कार्य हुए है वहीं पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा जैसी जन सुविधाएं सुदृढ़ होकर प्रभावी रूप से चल रही है परन्तु हाल ही राजनीतिक द्वेषता से प्रेरित होकर पंचायत मुख्यालय कानादेव का गुडा की बजाय अन्यत्र करने की प्रक्रिया चल रही है जो न सिर्फजन भावनाओं के विरूद्ध है बल्कि शासकीय नियमों व विधि विरूद्ध भी है। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित कतिपय जनप्रतिनिधि पंचायत में हो रहे रिकॉर्ड विकास को पचा नहीं पा रहे है तथा द्वेषतावश ग्रामीण विकास को बाधित करने एवं अपना राजनीतिक हित साधने के लिए यह जनविरोधी कृत्य किया जा रहा है जिसका कडा विरोध किया जाएगा। सभा उपरांत ग्रामीण कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर एकत्र हुए जहां उन्होंने काफी देर तक जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांग दोहराई। इसके बाद पूर्व प्रधान शांतिलाल कोठारी की अगुवाई में प्रतिनिधि मण्डल ने अतिरिक्त कलक्टर नरेश बुनकर को ज्ञापन दिया वहीं मौखिक रूप से सभी तथ्यों से अवगत कराते हुए जनहित के अनुरूप कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरानन कार्यकर्ता अजयसिंह, सोहन सालवी, रूपलाल सेन, मोहनसिंह, हीरालाल गुर्जर, हीरालाल सुथार, खेमराज सुथार, भंवरलाल भील, देवीलाल भील, फतहलाल भील आदि ने व्यव-स्थाएं सम्भाली। इस अवसर पर ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जन भावनाओं की अनदेखी करने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा वहीं इस कृत्य को अंजाम देने वाले जनप्रतिनिधियों के पंचायत में आने पर उनका कडा विरोध किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। साथ ही जरूरत पडने पर कानूनी मदद भी ली जाएगी।

## डंपिंग यार्ड के कचरे के धुएं में घुट रहा गाडरियावास के बाशिंदो का दम

**राजसमंद।** शहर के राजनगर स्थित गाडरियावास के वाशिंदों को पास ही गुर्जरों का गुड़ा में स्थित शहर के डंपिंग यार्ड में आए दिन कचरे को जलाए जाने से उठने वाले धुएं के कारण खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर के वार्ड संख्या तीन में स्थित गाडरियावास के रहवासियों ने बताया कि सेक्टर के पास ही स्थित गुर्जर गुड़ा में नगर परिषद का डंपिंग यार्ड है। इसमें पूरे शहर का कचरा और कूड़ा एकत्रित किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां कूड़े को व्यवस्थित रूप से निस्तारित करने की वजह कार्मिक आए दिन इसमें आग लगा देते हैं। इसके कारण गुर्जर गुड़ा के साथ ही गाडरिया वास सहित आसपास की सभी बस्तियों के वातावरण में घना धुआं छा जाता है। ऐसे में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है और सांस लेने में भी दिक्कत होती है। बताया कि इसको लेकर कई बार नगर परिषद में संबंधित अधिकारियों को शिकायत की गई लेकिन उसे पर किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। इसके चलते आए दिन होने वाले धुएं से न सिर्फ लोगों को परेशानी हो रही हैए बल्कि बीमारी फैलने का डर भी बना हुआ है। इसको लेकर ग्रामीणों ने समस्या का शीघ्र ही निस्तारण करने की मांग की है। क्षेत्र की पार्षद कमला गाडरी सहित क्षेत्र वासियों ने एक सप्ताह में समस्या का निस्तारण नहीं होने पर डंपिंग यार्ड में कचरा नहीं डालने देने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## बचत और कमाई, दोनों का भरोसा है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट

**उदयपुर।** आज की अनिश्चित आर्थिक स्थिति में अतिरिक्त आमदनी का ज़रिया होना बहुत जरूरी हो गया है। बढ़ती मंहगाई, बाजार में उतार-चढ़ाव और वित्तीय लक्ष्यों को पाने के लिए लोग ऐसे निवेश विकल्प तलाश रहे हैं, जो सुरक्षा और बढ़त दोनों प्रदान करें। इसी जरूरत को पूरा करने के लिएए आईसीआईसीआई प्रू डेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक खास लॉन्ग-टर्म सेविंग्स प्रोडक्ट - आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट लॉन्च किया है, जो गारंटीड इनकम के साथ संपत्ति सुरक्षित रखने का मौका देता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट और डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पालटा कहते हैं - हम चाहते हैं कि हमारे ग्राहक अपने भविष्य को लेकर निश्चिंत रहें और वित्त से संबंधित उनके सभी लक्ष्य पूरे हों।

## हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**राजसमंद।** राजसमंद में हत्या के मामले में जिला एवं सेशन न्यायालय ने दोषी को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेंद्र काछ्वाल ने हत्या के प्रकरण में आरोपी लच्छीराम पुत्र वेणाराम को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। लोक अभियोजक रामलाल जाट के अनुसार 8 अप्रैल 2021 को पीडित भूरी बाई ने पुलिस थाना केलवाडा में अपने पति हरिंग भील की हत्या की रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि वो अपने पति हरिंग और बेटी कंकू के साथ गेहूं की फसल काट काटने के बाद दोपहर में कुएं पर आम के पेड के नीचे अपने पति को खाना खिलाने रही थी। इसी दौरान दोपहर करीब 2 बजे के बाद लच्छीराम शराब के नशे में खेत पर आया और जान से मारने की धमकियां देने लगा। लक्ष्मी राम के शराब के नशे में होने के कारण भूरी बाई चुप रही। उसके बाद भूरी बाई खेत व उनकी बेटी घर पर चली गई और पति खेत की पाली पर ही सो गया। कुछ समय बाद भूरी बाई जब वापस आई तो लच्छीराम के हाथों में बडा पत्थर था, जिससे लच्छीराम ने हरिंग के सिर पर वार कर हत्या कर दी। जिसके बाद गांव के लोग भी खेत पर पहुंचे ओर पुलिस को सूचना दी। रिपोर्ट के आधार पर केलवाडा थाना इंचार्ज शैतान सिंह ने अनुसंधान कर धारा 302 आईपीसी में लच्छीराम पुत्र वेणाराम भील निवासी मजेरा कुंडाला थाना केलवाडा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। लोक अभियोजक जाट ने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 16 गवाह को पेश किया गया और 21 दस्तावेज एवं 5 आर्टिकल प्रदर्शित कराए गए।

कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनी व जिला न्यायालय ने आरोपी लच्छीराम को हेरिंग की हत्या के मामले में दोषी पाया। जिस पर दोषी को आजीवन कारावास एवं 20 हजार के जुर्माने की सजा से दंडित किया। राज्य सरकार की ओर से लोक अभियोजक रामलाल जाट एवं फरियादी अधिवक्ता सीमा जैन ने उक्त प्रकरण में पैरवी की।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन को मिली राहत

**चित्तौड़गढ़।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए गुरुवार को डीओआईटी जनसुनवाई कक्ष में अति कलक्टर प्रभा गौतम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 27 मामलों की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अतिक्रमण हटाने, मकान के पट्टे, पेंशन चालू कराने, वेतन भुगतान, मुआवजा दिलाने, भूमि विवाद, नई ग्राम पंचायत गठन, पीएम आवास योजना में नाम जोड़ने सहित कई महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा हुई। अति कलक्टर ने सभी परिवादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपर्क पोर्टल पर 30, 60 और 90 दिन से अधिक समय से लंबित मामलों की समीक्षा कर संबंधित विभागों को जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अति कलक्टर रामचंद्र खटीक, उपखंड अधिकारी बीनू देवल, सचिव कैलाश गुर्जर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, आयुक्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ताराचंद गुप्ता, उप निदेशक उद्यान विभाग डॉ. शंकर लाल जाट, उपनिदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईपीएल सीज़न से पहले, एयरटेल ने अपने नेटवर्क को मजबूत किया

**उदयपुर।** 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों की तैयारी में, भारती एयरटेल ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में व्यापक व्यवस्था की है। ये प्रयास मैचों के दौरान करीब 100,000 क्रिकेट प्रशंसकों की अनुमानित भीड़ के लिए निर्बाध नेटवर्क अनुभव सुनिश्चित करेंगे। एयरटेल ने अपने मौजूदा चार सेल साइट्स को बढ़ाया है और स्टेडियम के आसपास तीन अतिरिक्त सेल ऑन व्हील्स (सीओडब्ल्यू) तैनात किए हैं। यह वृद्धि मैचों में भाग लेने वाले एयरटेल ग्राहकों के लिए वॉइस और डेटा कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण सुधार करेगी। दर्शकों की संभावित उच्च संख्या को समायोजित करने के लिए नेटवर्क अपग्रेड करने की रणनीतिक योजना बनाई गई है। इन तैयारियों पर बात करते हुए, मारुति दिलवारी, सीईओ - राजस्थान, भारती एयरटेल, ने कहा - बहुप्रतीक्षित आईपीएल टूर्नामेंट नजदीक आने के साथ, हमने सवाई मानसिंह स्टेडियम में अपने मोबाइल नेटवर्क को मजबूत किया है ताकि दर्शकों की अपेक्षित वृद्धि को समायोजित किया जा सके। इस सुधार से हमारे ग्राहक अपने प्रियजनों से निर्बाध रूप से जुड़े रह सकेंगे और अपने रोमांचक क्षणों को आसानी से साझा कर सकेंगे। जयपुर शहर में निर्बाध और सर्वव्यापी नेटवर्क अनुभव प्रदान करने के लिएए हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशनों, और सिटी पैलेस, बिड़ला मंदिर, जंतर मंतर और नाहरगढ़ किले जैसे प्रमुख स्थानों पर व्यापक नेटवर्क अनुकूलन किया गया है। शहर के अंदर और आसपास के सभी 30 प्रीमियम होटलों में भी कवरेज बढ़ाने के लिए व्यापक नेटवर्क मूल्यांकन किया गया है। एयरटेल ने विशेष रूप से आईपीएल के लिए उपाय किए हैं और मार्च से मई 2025 तक चलने वाले क्रिकेट के उत्साह को ध्यान में रखते हुए देश के सभी स्टेडियमों में अपने नेटवर्क को मजबूत किया है।

# बीमार पत्नी को और मजबूर मजदूर, ईंटों की रेहड़ी पर बैठी पत्नी के साथ तस्वीर वायरल

भीलवाडा। यह तस्वीर आज़ाद भारत की विडंबना को बयां करती है, जहां एक ईंट भट्ठा मजदूर ने अपनी बीमार पत्नी को अस्पताल ले जाने के लिए जुझता दिख रहा है। कोई साधन न मिलने पर मजूदर ने ईंट ढोने वाली रेहड़ी का सहारा लिया। पत्नी को रेहड़ी पर बिठाकर 3 किलोमीटर दूर अस्पताल तक पैदल चलकर पहुंचाया।

यह घटना राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के आसींद उपखंड क्षेत्र के मोड़ का निंबाहेड़ा हरिपुरा इलाके की हैए जहां कई ईंट भट्ठे संचालित हैं। इस इलाके में काम करने वाले एक मजदूर की पत्नी अचानक बीमार हो गई। जब उसे अस्पताल ले जाने के लिए कोई वाहन नहीं मिलाए तो मजदूर ने अपनी पत्नी को रेहड़ी पर बैठाकर 3 किलोमीटर का सफर पैदल तय किया।

रेहड़ी पर बैठी पत्नी दर्द से कराह रही थी और मजदूर तपती धूप में पसीना बहाते हुए उसे अस्पताल ले जाने के लिए संघर्ष कर रहा था। राहगीर इस दयनीय स्थिति को देखकर भावुक हो गए, लेकिन कोई भी मदद के लिए आगे नहीं आया। इस दृश्य ने आज़ाद भारत में मौजूद गरीबी और सरकारी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी।

**क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का अभाव**

यह इलाका ईंट भट्ठों का गढ़ है, जहां उत्तर प्रदेश और बिहार से आए हजारों मजदूर काम करते हैं। लेकिन इनके पास बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इस क्षेत्र में ऐसे दृश्य आम हैं, जहां मजदूरों को बुनियादी सुविधाओं का अभाव झेलना पड़ता है। यहां उत्तर प्रदेश और बिहार से आए हजारों मजदूर काम करते हैं, लेकिन उन्हें किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं होती। बच्चे शिक्षा से वंचित हैं और स्वास्थ्य सेवाओं की हालत भी बदतर है।

## बालिका शिक्षा के लिए भामाशाहों की पहल

चित्तौड़गढ़। राउमावि सतपुड़ा के प्रधानाचार्य विकास अग्रवाल की बालिका शिक्षा की पहल को देखते हुए वंडर सीमेंट ने भौतिक सुविधाओं के विस्तार के लिए 15 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी है। वंडर सीमेंट के यूनिट हेड नितिन जैन ने गुरुवार को प्रधानाचार्य विकास अग्रवाल को 15 लाख का चेक देते हुए आशा जताई की विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास के लिए सतपुड़ा विद्यालय परिवार के प्रयास सतत रूप से जारी रहेंगे।

अग्रवाल ने यूनिट हेड जैन का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की ओर से अभिनंदन पत्र भेंट किया। प्रधानाचार्य अग्रवाल ने बताया कि स्थानीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्यां ने भी विद्यालय की सकारात्मक गतिविधियों को देखते हुए वंडर सीमेंट प्रबंधन से विद्यालय विकास की अनुसंशा की है। प्रधानाचार्य अग्रवाल के अनुसार वंडर सीमेंट द्वारा प्रद्दत वित्तीय सहायता को मुख्यमंत्री जनसहभागिता के तहत उपयोग करते हुए करीब 40 लाख की लागत से दो कक्षा कक्ष, बालिका शौचालय एवं स्टाफशौचालय के निर्माण के साथ ही आवश्यक फर्नीचर के प्रस्ताव भिजवाएं जायेंगे। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में पूर्व में भी भामाशाहों के सहयोग से कई कार्य हुए हैं।

## स्कूल के संसाधनों में सर्वोच्च पद गुरु का है : विशाल बावा

**नाथद्वारा।** पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ के तिलकायत श्री की आज्ञा से चि. लाल गोविंद बावा के त्रि दिवसीय जन्मोत्सव के तहत गुरुवार को गोस्वामी विशाल बावा, लाल बावा ओर वल्लभ कुल परिवार सहित तेलियों का तालाब स्थित श्री रमेश चंद्र राउमा वि तेलियों का तालाब स्कूल गए। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने संपूर्ण वल्लकुल परिवार का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं अपने संस्कार एवं सनातन संस्कृति की एक झलक के रूप में संपूर्ण विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक साथ सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर वल्लभ कुल परिवार को अभिभूत कर दिया। विद्यालय परिवार ने वल्लभकुल परिवार को गुलदस्ताए माला एवं ऊपरना ओढा कर उनका स्वागत किया ओर विशाल बावा का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर गोस्वामी विशाल बावा ने अपने उदबोधन में कहा कि बच्चों को विद्या ददाती विनयम की उक्ति को अपने जीवन में उतारनेए शिक्षा के महत्व एवं गुरु के महत्व को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। अपनी सनातन संस्कृति एवं अपने संस्कारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। लाल बावा के जन्मोत्सव के उपलक्ष में लाल बावा, दीक्षिता गोस्वामी एवं आराध्या ने विद्यालय में उपस्थित चार सौ बच्चों को बैगएस्टेशनरी एवं श्रीजी प्रभु का प्रसाद एवं भोजन पैकेट का वितरण किया। विद्यालय की अध्यापिका सुमिता पालीवाल ने लाल बावा के गौ प्रेम एवं उनके पुष्टि सृष्टि के प्रति सेवा भाव का भी उल्लेख किया। अवसर पर समाधानी उमंग मेहता, वैष्णव भरत भाई, गिरीश व्यास, राखी डाबी, लक्ष्मी ओदिच्य, प्रहलाद लोहार, शिवलाल, कुणाल, जनम गाँधी, महर्षि व्यास, मनस्वी व्यास, मंत्राक्ष, कल्पित आदि मौजूद थे।

## बैग से 500 ग्राम अफीम व 460 ग्राम डोडा चूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़।** जिले की मंगलवाड़ थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 500 ग्राम अवैध अफीम व 460 ग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही के समस्त थानाधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसी क्रम में एएसपी सरितासिंह के निर्देशन व डीएसपी बडीसादडी देशराज कुलदीप के सुपरविजन में एसएचओ मंगलवाड भगवानलाल व पुलिस जाप्ता कानि. राकेश कुमार, सुनिल कुमार, उम्मेदसिंह व राजेन्द्र के साथ थाना क्षेत्र में गश्त करता हुआ मंगलवाड चितौडगढ हाईवे रोड ब्रीज के नीचे पहुंचे, जहां एक व्यक्ति पुलिस जाप्ता को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पकडकर नाम पता पूछा तो अपना नाम जयपुर जिले के बिलौची थाना दौलतपुरा निवासी शंकरलाल पुत्र रामनाथ जाट होना बताया। जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जेशुदा बैग से 500 ग्राम अवैध अफीम व 460 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त किया जाकर आरोपी शंकर लाल को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया।

# पक्षी आवास का वितरण कर मनाया विश्व गौरैया दिवस

**चित्तौड़गढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण गतिविधि की ओर से गुरूवार को विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष में राम द्वारा में पक्षी आवास का वितरण किया गया। गोपाल कृष्ण दाधीच ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण गतिविधि समाज में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करती है, जिसके तहत रामद्वारा में विभिन्न समाज जनों को 100 से अधिक पक्षी आवास का वितरण किया गया। सह प्रांत संयोजक धर्मपाल गोयल, व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश लढ्ढा, जितेंद्र त्रिपाठी, बसंत गोयल




के सानिध्य में पक्षी आवास का वितरण किया गया। प्रांत संयोजक गोयल ने बताया कि हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गौरैया बहुत महत्वपूर्ण है। यह फसलों को कई प्रकार के कीड़ों से बचाती है तथा यह घर के वास्तु के लिए भी बहुत उपयोगी है। यह मानव के सबसे पुराने साथियों में से एक है, परंतु वर्तमान में खेतों में रासायनिक उर्वरकों के कारण तथा पेड़ों के काटने के कारण इनकी संख्या में तेजी से गिरावट आई, इसलिए विश्व ने इसकी चिंता करते हुए विश्व गौर-ैया दिवस मनाने का निश्चय किया। कार्यक्रम में राधा देवी अग्रवाल, मुकेश कुमार कोठारी, महंत जगदीश चंद्र वैष्णव, मनीष कुमार जैन, राजेश कुमार चेचाणी, सुरभि अग्रवाल, योगेश बंसल आदि उपस्थित रहे।

## नशे के लिए कलयुगी बेटे ने की पिता के साथ मारपीट

**चित्तौड़गढ़।** चन्देरिया थाना क्षेत्र के बंगला चतरपुरा ग्राम में नशे की लत में एक बेटे ने अपने ही बिमार पिता के साथ मारपीट कर दी, जिसके बाद परिजनों ने मिलकर बेटे की पिटाई की। पिता पुत्र दोनों घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया। अस्पताल में ही बेटा पिता की देखभाल कर रहा है। बंगला चतरपुरा निवासी धर्मदास पुत्र उंगर दास रंगास्वामी ने बताया कि बुधवार को दोपहर जब गांव से घर की ओर लौट रहा था, तब रास्ते में पुत्र रतन रंगास्वामी ने तीन हजार रुपए मांगे, जो नशे में धुत था। उसे पैसे देने से इनकार किया तो मौके पर ही गाड़ी समेत ज़ोर से टल्ला दे दिया, जिससे धर्मदास की



पसलियों पर गम्भीर चोट आई। मौके पर पंहुचे परिजनों ने धर्मदास के साथ हुई मारपीट के बारे में सुनने के बाद रतन की भी धुनाई कर दी, जिससे उसका एक हाथ फ्रेक्चर हो गया। मामला बढ़ने से ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। अस्पताल कर्मियों का कहना है कि दोनों घायल होने के बावजूद भी आपस में जोर जोर से बहस कर रहे थे। दोनों को अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर रखा है। अस्पताल में दोनों के साथ कोई भी परिजन

## उपकारागृह बेगूं का किया गया निरीक्षण

चित्तौड़गढ़। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सिसोदिया द्वारा गुरूवार को उपकारागृह बेगूं का निरीक्षण किया गयां। अध्यक्ष द्वारा रसोई घर, बैरक, शौचालय, स्नानागार आदि की साफसफाई का निरीक्षण कर बंदी रजिस्टर की जांच की जो कि उचित पाई गई। सभी बंदियों के लिए संचालित बंदी विधिक सहायता क्लिनिक के बारे में जागरूक कर प्रत्येक कैदी से उसके जेल में आने के कारणों एवं उसकी तरफसे कोई वकील पैरवी कर रहा है अथवा नहीं आदि की जानकारी लेकर उन्हें विधिक सहायता आवेदन पत्र भरने हेतु प्रेरित किया, ताकि बिना किसी रुकावट के समाज के किसी भी तबके से आने वाले व्यक्ति जो कि जेल में निरुद्ध है उसको अति शीघ्र न्याय मिल सके। निरीक्षण के दौरान कारापाल किशनलाल, निजी सहायक प्रहलाद सोमानी एवं ताल्लुका सचिव लक्षिता पालीवाल उपस्थित रहे।

# कानोड़ चोरी कांड सुलझा, 3 आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

## कानोड में अनुपम इलेक्ट्रिकल दुकान में हुई चोरी की वारदात का 48 घंटे में खुलासा

पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** जिले के कानोड़ थाना क्षेत्र में 16 मार्च को अनुपम इलेक्ट्रिकल दुकान में हुई चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया । उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि प्रार्थी लक्ष्मीलाल पिता माधवलाल मेहता निवासी कानोडजिला उदयपुर ने रिपोर्ट पेश की कि कानोड बस स्टैण्ड पर स्थित मेरे व्यवसायिक भवन पर 6.30 बजे हमेशा की तरह मै ताला लगा कर अपने घर गया था। सुबह करीब 4 बजे पडोसी कार्तिक ने घर पर सूचना दी कि आपके प्रतिष्ठान काशटर खुला पडा है। जिस पर मैं प्रार्थी मौके पर पहुंचा तो प्रतिष्ठान के शटर को तकनीकी पद्धति और यान्त्रिक उपकरणों का प्रयोग कर खोला जाकर अज्ञात व्यक्तियों ने भवन के अन्दर प्रवेश कर लोकर में रखे कीमती जेवरात जो ग्राहक और परिचित व्यक्तियों के थे तथा मेरी नकदी व हिसाब-किताब की बहियां आदि चोरी कर ले गये। जिसमें 2.50 लाख रुपये नकद, करीबन 150 किलो चांदी



के गिरवी जेवरात व मेरी पत्नी के 20 तोला सोने के जेवरात चोरी कर ले गए। जिसकी रिपोर्ट पर मामला कानोड पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल ने घटना को ट्रेस आउट करने व घटना मेंसंलिप्त आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए अंजना सुखवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, खेरवाडा के सुपरविजन में राजेन्द्र सिंह जैन पुलिस उप अधीक्षक वृत वल्लभनगरव मुकेश चन्द्र खटीक थानाधिकारी, कानोड के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों ने त्वरीत कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी व अन्य तकनीकी सहयोग से जानकारी प्राप्त की गई जिससे पाया गया कि अज्ञात घटना को अंजाम देने वाले कुल चार व्यक्ति है व अमित व चेतनप्रकाश की सुचना से पता लगा कि एक पैशन प्रो मोटरसाईकिल जो घटना के दिन से ही बस स्टेण्ड कानोड के पास खडी थी तथा मोटरसाईकिल में आगे का एक इन्डीकेटर नया डाला हुआ जो घटना में संदिग्ध हो सकती है। जिस पर उक्त मोटरसाईकिल में डाले गये नये इन्डीकेटर के बारे सुचना एकत्रित की गई तो सामने आया कि उक्त मोटरसाईकिल को पिछले 15-20 दिन से लक्ष्मण लाल निवासी डुमातालाब नाम का आदमी चला रहा था। जिस पर लोकेश रायकवाल साईबर सैल उदयपुर द्वारा लक्ष्मण लाल निवासी डुमातालाब के मोबाईल नम्बर का तकनीकी विश्लेषण किया गया। जिसमें उक्त लक्ष्मण लाल के अलावा कालुलाल का नाम भी सामने आया जो थाना कानोड का हिस्ट्रीशीटर है जिसके खिलाफ पूर्व में भी चोरी, नकबजनी, लुट, मारपीट, हत्या आदि के कुल 10 मामले दर्ज है। इसकी जानकारी के बाद गठित टीमों ने लगातार वांछित आरोपीगणों के अडडो पर दबिशे दी व जगहजगह मुखबीर मामुर किए गए। टीमों ने लगातार 48 घंटे दिन-रात जगकर जंगलो में कैम्प लगाकर व साईबर सैल उदयपुर से प्राप्त लगातार तकनिकी सहयोग से शातिर बदमाश लक्ष्मण लाल रावत पिता लोगर रावत निवासी सिसोदिया का गुडा पुलिस थाना भीण्डर जिला उदयपुर हाल निवासी डुमातालाब पुलिस थाना कुण जिला सलुम्बर, कालुलाल भोई पिता श्री भंवरलाल भोई उम्र 45 साल निवासी ब्रहम्पुरी पुलिस थाना कानोड जिला उदयपुर व किशनलाल मीणा पिता बापु मीणा निवासी निचला गुडा, रेलमहुडी पुलिस थाना लसाडिया जिला सलुम्बर को गिरफ्तार किया गया व चोरी के जेवरात बरामद किए गए। चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए हिस्ट्रीशीटर व शातिर बदमाश कालुलाल भोई द्वारा करोडपति बनने व शादी कर अय्यासी करने की नियत से करीब 1 साल से बस स्टेण्ड कानोड पर स्थित अनुपम इलेक्ट्रीकल दुकान की लगातार रैकी की व कस्बा कनोड में सीसीटीवो कैमरो की जानकारी लेकर बिना सीसीटीवों कैमरो का रूट चार्ट तैयार किया व शातिर बदमाश लक्ष्मण मीणा निवासी डुमातालाब से दोस्ती कर उसकी गैग किशनलाल मीणा व लालुराम मीणा निवासी रेलमहुडी को हिस्सेदार बनाकर 15 मार्च व 16. मार्च की रात के समय 3.15 बजे के लगभग मोटरसाईकिल से कालुलाल भोई ने अपनी अगुवाई में वारदात को अंजाम देने के लिए सही समय का चयन कर बस स्टेण्ड कानोड पर स्थित अनुपम इलेक्ट्रीकल पर पहुंचे व मोटरसाईकिल को एक तरफ छिपाकर खडी कर दुकान के शटर को लोहे की सम्बल की मदद व अन्य तकनीकी उपकरणो की मदद से तोडकर दुकान में घुसकर दुकान में लोकर का तकनीकी उपकरणो से ताला तोडकर सोने चांदी के जेवरात व नगदी रूपयो की चोरी कर वारदात को अंजाम दे रहे थे कि उस समय पुलिस गश्ती दल का वाहन गुजरने से जो जेवर, नगदी हाथ लगा उसको लेकर मोटरसाईकिल को वही छोडकर पैदल ही भाग गये थे तथा चारो अभियुक्तगणो ने चुराये हुए चांदी के जेवरातो का बंटवारा किया व अपने अपने हिस्से में आये जेवरातो को खेत पर कटी हुयी गेहुं की फसल, जमीन में गडढा खोदकर, व बापजी के देवरे के नीचे पत्थरो में व अभियुक्त कालुलाल भोई द्वारा अपने हिस्से के जेवरातो को कुए मे फेक दिये जो करीबन 100 फीट की गहराई का था। जिसमे दशरथ ने हिम्मत दिखाते हुए पुलिस जाब्ता की मदद से अन्दर उतरा व कुए के पानी में गोता लगाकर करीबन 2 घंटे की मश्कत के बाद जेवरातो को बाहर निकाला। वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी लक्ष्मण लाल मीणा शातिर प्रवृति का होकर 007 गेंग का सक्रिय सदस्य होकर अपने छाती पर 007 गैंग, पुरे शरीर पर धारा 302 मर्डर, एक जान 100 दुश्मन जैसे अलग अलग टैटु गुदवा रखे है।

## उदयपुर में मिला खून से सना युवती का शव

**उदयपुर।** उदयपुर के ऋषभदेव थाना क्षेत्र में उदयपुर.अहमदाबाद नेशनल हाईवे.48 पर गुरुवार को एक युवती का शव पड़ा मिला। युवती के सिर और हाथ पर गंभीर चोट के निशान थे। पूरा चेहरा खून से सना हुआ था। सूचना पर ऋषभदेव थाना पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंचा और युवती के शव को स्थानीय सरकारी हॉस्पिटल मॉर्च्युरी में रखवाया। फिलहाल मृतक युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी अनुसार सुबह के समय आसाम पेट्रोल पंप के सामने हाईवे पर डिवाइडर के पास शव पड़ा मिला था। आसपास लोगों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। युवती की मौत किसी वाहन में से गिरने से हुई या फिर अन्य कारणों से हुई हैए पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है। साथ ही थानाधिकारी भरत सिंह राजपुरोहित ने मृतक युवती के फोटो सभी थाना सर्कल में भेजकर और आमजन से इसकी पहचान कराने की अपील की है। ताकि घटना का स्पष्ट रूप से पता लग सके।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च की छोटी सिप सुविधा

**उदयपुर।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड कोटक म्यूचुअल फंड ने छोटी सिप सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की है। छोटी सिप कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड की सभी पात्र योजनाओं के लिए उपलब्ध होगी।' हाल ही में सेबी और एएमएफआई ने छोटी सिप की शुरुआत कीए जिससे भारत के और अधिक लोगों को धन सृजन की यात्रा में शामिल होने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा कि भारत की कुल आबादी में से केवल 5.4 करोड़ यूनिक इन्वेस्टर ही म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, जिससे देश में म्यूचुअल फंड के व्यापक विस्तार की बड़ी संभावना है। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान नए निवेशकों को जोड़ने और उनकी म्यूचुअल फंड यात्रा शुरू करने का एक शानदार तरीका रहा है। छोटी सिप के लॉन्च के साथए कोई भी नया निवेशक केवल 250 रुपये की न्यूनतम राशि से अपनी संपत्ति निर्माण की यात्रा शुरू कर सकता है। इसे हम कह सकते हैं। छोटी रकम, बड़ा कदम।

## उदयपुर में 3 जगहों पर दुकानों और गोदाम पर कार्रवाई

उदयपुर। उदयपुर नगर निगम ने आज यूडी टैक्स वसूली को लेकर आज तीन दुकानों को सीज किया है। निगम की टीम ने ये दुकानें शहर के अलग-अलग बाजारों में सीज की है। नगर निगम ने शहर के बापूबाजार में एक कॉमर्शियल दुकान को सीज किया जिसमें रेस्टोरेंट का संचालन किया जा रहा था। उससे करीब 5,79,317 रुपए की वसूली बाकी है। इसी प्रकार बापू बाजार में ही एक और दुकान सीज की जिसका यूडी टैक्स करीब भी पांच लाख से ज्यादा यूडी टैक्स बकाया था। इसी प्रकार शहर के लोहा बाजार में एक गोदाम और एक दुकान को सीज किया है। इससे करीब 8.30 लाख रुपए का यूडी टैक्स बकाया है। आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि नगरीय विकास कर सरकार द्वारा हर हाल में वसूल किया जाएगा। एक वर्ष पश्चात राज्य सरकार द्वारा इसमें छूट प्रदान की गई है जिसका लाभ लेकर टैक्स जमा कराए।

## श्री एकलिंगनाथ सेवा संगठन का स्थापना दिवस आज, बॉलीवुड कलाकार महेंद्र अलबेला नाइट का आयोजन

**उदयपुर।** श्री एकलिंगनाथ सेवा संगठन के स्थापना दिवस पर शु वार को सुर समागम कार्य म आयोजित होगा जिसमें बॉलीबुड कलाकार महेंद्र अलबेला अपने म्यूजिकल ग्रुप के साथ प्रस्तुतियां देंगे।



संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि संगठन को इसी महीने एक साल पूरा होने जा रहा है। इस उपलक्ष में 21 मार्च को भव्य समारोह महासतिया चौराहा स्थित सत्यम गार्डन में शाम को 6 बजे से आयोजित होगा। सुर समागम नाम से आयोजित इस समारोह में मुंबई के महेंद्र अलबेला के अलावा राज-स्थान की विशेष थीम पर कलाकार राज-स्थान लोक संगीत की विशेष प्रस्तुतियां देंगे। संरक्षक विनोद पांडे व निर्मल कुमार पंडित ने बताया कि संगठन इसके साथ ही शुक्रवार को शिक्षाए चिकित्सा व पर्यावरण संरक्षण के लिए नई योजनाओं की घोषणा करेगा। संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक मेनारिया ने बताया कि इस मौके पर कार्यकर्ता सम्मान भी होगा।

## विभिन्नता में एकता वाली भारतीय संस्कृति विश्व में अनूठी : फत्तावत

**उदयपुर।** सकल जैन समाज की प्रतिनिधि संस्थान महावीर जैन परिषद के तत्वावधान में आयोजित श्रमण भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के आयोजनों के तहत बीजेएस एवं जेजेसी लेडिज विंग के साझे में आगामी 8 अप्रेल को साड़ी में नारी कार्यक्रम की आयोजना की तैयारी बैठक गुरुवार को आयड़ जैन मंदिर स्थित आत्म वल्लभ सभागार में सकल जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत के मुख्य आतिथ्य एवं कुलदीप नाहर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में फत्तावत ने अपने उद्बोधन में कहां कि विभिन्नता में एकता वाले भारतवर्ष की संस्कृति सम्पूर्ण विश्व में अनूठी है और उस संस्कृति, राष्ट्रीय विरासत और अपनी परम्परा को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राजस्थानी, गुजराती, बंगाली, असमियां, केरल, मद्रासी, महाराष्ट्रीयन, बांधनी, लेहरिया, रेन्बो साड़ी, सिल्क साड़ीए हैण्ड प्रीन्टेट विधाओं में साड़ी पहनकर सैकड़ो महिलाएं आयोजन का हिस्सा बनेगी। उक्त बैठक को बीजेएस अध्यक्ष दीपक सिंघवी, जेजेसी कार्यकारी अध्यक्ष नितिन लोढ़ा, बीजेएस कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र गजावत, महामंत्री ललित कोठारी ने भी सम्बोधित किया। बीजेएस लेडिज विंग अध्यक्षा मीना कावडिया ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले समूह को सभी नियमों से अवगत कराया तथा भाग लेने वाले समूहों के क्रम पारदर्शिता पूर्वक रहे उनकी लोटरी निकाली गई। जेजेसी लेडिज विंग अध्यक्षा नीता छाजेड़ ने बताया कि भाग लेने वाले सभी 24 समूहों को 24 तीर्थंकरों के नाम से नामांकित किया गया तथा सभी समूह आयोजन में देश भक्ति गीतों पर दो.दो मिनिट की प्रस्तुति देंगे। जीतो लेडिज विंग अध्यक्षा अंजली सुराणा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय साड़ी ड्रेपर डोली जैन को उदयपुर का सकल जैन समाज नारी गौरव अलंकरण से अलंकृति करेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ रचिता मोगरा एवं नीतू गजावत के मंगलाचरण से हुआ। शब्दों द्वारा स्वागत महावीर जैन परिषद के कोषाध्यक्ष कुलदीप नाहर द्वारा तथा आभार जेजेसी क्वीन अध्यक्षा नीता छाजेड़ द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीजेएस अध्यक्ष दीपक सिंघवी द्वारा किया गया।

## सियासी स्वार्थ या जनहित? बेदला पंचायत में सरपंच विवाद पर गरमाई राजनीति

**उदयपुर।** शहर के बेदला ग्राम पंचायत में इन दिनों राजनीति गरमाई हुई है। उप प्रधान प्रताप सिंह राठौड़ द्वारा वायरल ऑडियो को आधार बनाकर किए जा रहे प्रदर्शन और हंगामे पर अब ग्रामीणों ने कड़ा रुख अपना लिया है। सरपंच निर्मला प्रजापत और उनके परिवार के समर्थन में बड़ी संख्या में ग्रामीण आगे आए हैं और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्राम पंचायत के नागरिकों का कहना है कि प्रताप सिंह राठौड़ जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। बिना किसी ठोस प्रमाण के आरोप लगाकर वे राजनीतिक फायदा उठाना चाहते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यह पूरा विवाद केवल उनकी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए खड़ा किया गया है। गुरुवार को बेदला ग्राम के कई प्रतिष्ठित नागरिकों और बुद्धिजीवियों ने सरपंच निर्मला प्रजापत, उनके पति नरेश प्रजापत और बंशीलाल प्रजापत के समर्थन में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग करते





हुए कहा कि उप प्रधान राजनीतिक लाभ के लिए समाज में भ्रामक जानकारी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रताप सिंह राठौड़ जिन समुदायों के अपमान की बात कर रहे हैं, उन्हीं समुदायों के लोग प्रजापत परिवार के समर्थन में सामने आए हैं। इससे साफहोता है कि यह विवाद सिर्फ राजनीतिक हित साधने का एक तरीका है।

## मेवाड़ की लोक कला तुर्रा कलगी का मंचन 22 को पुणे में

चित्तौड़गढ़। महाराष्ट्र में ललित कला केन्द्र गुरुकुल सावित्रीबाई फुले पुणे विद्यापीठ में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय लोकनाट्य महोत्सव में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के तत्वावधान में गुरु शिष्य परम्परा के नवोदित एवं तुर्रा कलगी के लोक कलाकारों द्वारा 22 मार्च को तुर्रा कलगी का मंचन किया जाएगा। लक्ष्मीनारायण रावल ने बताया कि तुर्रा कलगी का मंचन 22 मार्च को सायं 7 से 9 बजे होगा विजेन्द्र, रतनलाल, कैलाशचन्द्र, बंटी दमामी, रघुवीर सेन, समरथ उस्ताद, जीवन रावल, राकेश, विनोद, राजकुमार सेन, अंकित रावल, भरत कुमार, हेमलता सोनवाल, जगदीश रावल आदि कलाकार प्रस्तुतियाँ देंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोकनाट्य महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रमों में ललित कलामंडल के ह.भ.प. श्रेयश बुवा बड़वे, कुचामणीख्याल के बंशीलाल खिलाड़ी, तमाशा मंडल के लता लंका पाचेगावकर लोकनाट्य, दशावतारनाट्य मंडल कुडाल के बालकृष्ण गोरे, जयपुरी तमाशा से पं. वासुदेव भट्ट आदि हस्तियों की प्रस्तुतियाँ भी होगी। उन्होंने ऐसे बड़े आयोजन में स्वयं की भागीदारी को गौरव की बात बताया।

## पीडीसीआरसी में विश्व ओरल स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर। पेसिफिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में विश्व ओरल स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी इस वर्ष की थीम एक खुशहाल मुँह है... एक खुशहाल मन है। ओरल मेडिसिन एवं रेडियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.सौरभ गोयल ने बताया कि पीडीसीआरसी के प्रिंसिपल डॉ.रवि कुमार सीएम के देखरख में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य आम जनता को ओरल स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की शुरुआत डेंटल प्रोफेशनल्स द्वारा शपथ ग्रहण से हुई, जिसमें सभी ने अपने ओरल स्वास्थ्य को सर्वोत्तम स्थिति में बनाए रखने और समाज में इसकी जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इसके बाद निःशुल्क दंत परीक्षण और जागरूकता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें मरीजों को सही ओरल स्वच्छता बनाए रखने के तरीकों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू निवारण केंद्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां मरीजों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें इस हानिकारक आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान मरीजों को दंत स्वास्थ्य से संबंधित शिक्षाप्रद पर्चे वितरित किए गए, जिनमें ब्रशिंग तकनीक, डेंटल फ्लॉसिंग, माउथवॉश का सही उपयोग, और अन्य दंत स्वच्छता विधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान पीरियोडॉन्टिक्स विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.बर्खा मखीजानी एवं बाल दंत चिकित्सा विभाग की प्रोफेसर डॉ. रिंकी छाबड़ा ने बताया कि मरीजों को दंत स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए टूथब्रश, टूथपेस्ट और माउथवॉश भी वितरित किए गए।

## जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन आज व कल

चित्तौड़गढ़। स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमेन्द्र नाथ व्यास ने बताया कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2025 राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विमर्श में शामिल होने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए युवाओ के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। जिसमें पंजीकरण हेतु युवाओं को विकसित भारत से आप क्या समझते है विषय पर एक मिनट का विडियो बनाकर मेरा युवा भारत पोर्टल पर विकसित भारत युवा संसद के इवेंट पेज पर अपलोड करना था। नोडल केंद्र चित्तौड़गढ़ के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा जिलों के युवाओं ने बढ़ चढ़कर इसमें भाग लिया, जिनमें से कुल 99 प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय युवा संसद के लिए किया गया है। यह 99 प्रतिभागी जिले में आयोजित होने वाले फिजिकल राउंड में भाग लेंगे, जो आज व कल महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है, जिसमे चयनित प्रतिभागी एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त करना विषय पर अपने विचार रखेंगे।

## शहीद वीरांगना रानी अवंती का मनाया 167वाँ बलिदान दिवस

**चित्तौड़गढ़।** प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाली सन् 1857 की क्रांति की प्रणेता, रामगढ़ मंडला की रानी, अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती के 167वें बलिदान दिवस पर युवा क्षत्रिय लोधा समाज विकास समिति ने सैंती में अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती लोधा सर्किल पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शिवप्रकाश ने कहा कि देश को आजाद कराने में हजारों क्रांतिकारियों का बलिदान रहा है जिसमें मध्यप्रदेश के रामगढ़ मंडला की महारानी अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके 167वें शहीद दिवस पर सभी समाजजनों ने पुष्प माला, दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। वीरांगना महारानी अवंती 1857



के रेवांचल के मुक्ति आन्दोलन की सूत्रधार थी। अंग्रेजो के कई प्रलोभन को ठुकरा कर सेनानी बनी। अंग्रेजों को नंगे पांव युद्ध स्थल से भागना पड़ा। महारानी अवंती ने युद्ध के दौरान राजाओं को चिट्ठी लिखी, चूड़ियां और सिंगार भेजा। नारी साहस को देखकर राजाओं में ऊर्जा का संचार दिखा। अंग्रेजों के जीते जी पकड़ने के मंसूबे को महारानी अवंती ने चकनाचूर कर दिया और अपनी वीरता की छाप छोड़ कर क्रांति को पूरे भारत में फैलाने में महत्ती भूमिका निभाई। इस दौरान सोहन, नारू, रामलाल, राजकुमार, बद्री, रामराज, दुर्गाशंकर, हरीश, चुनीलाल, रमेश, जसराज, कालू, ईश्वर, गोरधन, फुलचंद, राजेंद्र, चांदमल, नारू, लोकेश, शंकर, अशोक, मिठू, प्रकाश, देवीलाल, लोकेश आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व सभापति संदीप शर्मा के खिलाफ एक और मामला दर्ज

**चित्तौड़गढ़।** नगर परिषद के पूर्व सभापति संदीप शर्मा फिर चर्चाओं में है। रेप के आरोप लगने के बाद अब पीड़ित महिला के पति ने संदीप शर्मा, उनकी बहन सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि पीड़ित द्वारा पहले दर्ज करवाए गए मामलों में आरोपी द्वारा लगातार समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस में दी गई रिपोर्ट में बताया कि पूर्व सभापति शर्मा ने नगर परिषद में एक टेंडर निकाला था, जिसमें रेप पीड़ित महिला के पति को टेंडर दिया गया। फिर शर्मा ने अपने चालक को डमी कैंडिडेट के रूप में टेंडर में पार्टनर बना दिया। बकाया बिल के लिए पीड़ित महिला के पति से तीन चेक सशर्त लिए गए थे, जिनका शर्मा, उनकी बहन और ड्राइवर ने दुरूपयोग किया है। सदर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में एक मामला दर्ज करवाया। रिपोर्ट में बताया कि इन मामलों के बाद आरोपी संदीप शर्मा, उनकी बहन व चालक रतनलाल बैरागी ने मिलीभगत कर अडाणी गैस के बिल भुगतान करवाने और कमीशन के रूप में दिए गए चेकों का गलत उपयोग किया है। पीड़ित के फर्म के नाम के तीन चेक उनकी बहन के नाम से बैंक में लगा दिए। खाते में रुपए नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गए। रिपोर्ट में बताया कि रेप केस में जब आरोपियों द्वारा लगातार राजीनामा का दबाव डाला गया तो, इसके लिए पीड़ित पक्ष ने मना कर दिया। इसके कारण आरोपियों ने इन तीनों चेक में ढाई लाख-ढाई लाख रुपए भरकर इसका दुरुपयोग किया। लेकिन पीड़ित ने समझौता नहीं करके चेक बाउंस की जानकारी जांच अधिकारी को दे दी। जांच अधिकारी ने भी मामले को अनदेखा कर चेक जब्त करते हुए कोई कार्रवाई नहीं की। इस कारण पीड़ित ने सदर थाने में इसका मामला दर्ज करवाया है।

## अफीम किसानो का धरना प्रदर्शन आज

चित्तौड़गढ़। भारतीय किसान यूनियन टिकेत द्वारा सीपीएस पद्धति के अफीम किसान आज धरना प्रदर्शन कर जिला कलक्टर को ज्ञापन सौपेंगे। अफीम किसान कलेक्ट्रेट चौराहे पर 11 बजे उपस्थित हो कर धरना प्रदर्शन कर गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी अफीम काश्तकारों को अफीम के डोडे तोड़ने का आदेश प्रदान करने की मांग करेंगे क्योंकि अफीम के डोडे खेत में सूख गए हैं और सरकार ने औसत निर्धारित कर रखी है इसलिए अफीम के डोड़े की चोरों और तस्करों से रखवाली करनी पड़ती है। रात को जागना पड़ता है और खतरा रहता है।

# 'विपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा'

■ **बिहार विधान परिषद में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर राजद नेता राबड़ी देवी ने नीतीश सरकार पर बोला हमला**

**पटना,** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधान पार्षद राबड़ी देवी के बीच राज्य में अपराध और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विधान परिषद में आज तीखी नोकझोंक हुई। बिहार विधान परिषद में प्रदेश की कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी सदन में ही मौजूद थे। विपक्ष इस दौरान वेल भी पहुंच गया और सरकार के विरोध में नारेबाजी की। सदन के बाहर निकलने पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि सदन के अंदर विपक्ष को सत्ता पक्ष के लोग बोलने नहीं देते हैं और सरकार भी नहीं मान रही है कि सदन के अंदर विपक्ष है। बिहार में इतनी घटनाएं घट रही हैं, हत्या हो रही है, अपहरण हो रहा है, लूट हो रही है, रेप की घटनाएं घट रही हैं, दलित बच्चियों के साथ रेप हो रहा है। सदन के अंदर जब हम लोग सवाल उठाते हैं तो सत्ता पक्ष द्वारा सवाल को उठाने नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह बिहार की जनता का सवाल है, जब जनता के सवाल नहीं उठाएंगे तो सदन में क्या उठाएंगे। जो घटनाएं हो रही हैं, उस पर चर्चा करें। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री कहने लगते हैं कि आप और आपके पति ने क्या किया है। सब हमने किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि 20 साल के शासनकाल में आपने अभी तक कितना



**हम लोग विपक्ष में रहकर सरकार का सहयोग कर रहे हैं। सरकार प्रश्नों का जवाब देने से भाग रही है : राबड़ी देवी**

जिला, कितना प्रखंड बनाया है, कितनी फैक्ट्रियां लगाई हैं। जब लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री बने थे तब तीन-चार फैक्ट्रियों यहां लगी। आज इसी कारखाने से रेल का चक्का देश और दुनिया में बनकर जाता है।

**मंत्री अशोक चौधरी को फालतू का आदमी बताया**

इस दौरान उन्होंने मंत्री अशोक चौधरी को फालतू का आदमी बताया। राबड़ी देवी ने दावा करते हुए कहा कि हम लोग विपक्ष में रहकर सरकार का सहयोग कर रहे हैं। सरकार प्रश्नों का जवाब देने से भाग रही है। श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह के आरोपों पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि 2007 में हमारी सरकार नहीं थी बल्कि बिहार में एनडीए की सरकार थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थे, 2005 में हमारी सरकार खत्म हो गई थी। मंत्री को बताना चाहिए कि राजद के कौन बड़े नेता थे जिन्होंने फिरौती के रूप में पैसा मांगा था। उन्होंने कहा कि अपहरण का काम यही लोग करते हैं। इधर, मंत्री संतोष सिंह ने कहा कि राजद को अपराध पर बोलने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे का अपहरण किया गया था, तब राजद का एक बड़ा नेता फिरौती मांगने के लिए उनके घर पहुंचा था। मंत्री संतोष सिंह ने कहा कि अपराध पर बोलने का राजद को कोई नैतिक अधिकार नहीं है। राजद को सिर्फ राजनीति दिखती है। इनमें न कोई संवेदनशीलता है, न विजन है। उन्होंने कहा कि नाम भी बताएंगे। यहां क्राइम करने वाला बच नहीं सकता है। उन्होंने नित्यानंद राय के रिश्तेदार के बीच हुए गोलीबारी की घटना पर कहा कि यह परिवार के बीच आपसी विवाद का मामला है। कोई बाहर से अपराधी नहीं आया था। इस पर कार्रवाई हो रही है। उन्होंने राबड़ी देवी के भाई सुभाष यादव के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने तो बता ही दिया है कि उस दौर में मुख्यमंत्री आवास से क्या होता था। इसके बाद अब क्या बचता है। नोकझोंक के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सदन को राज्य में किसी भी आपराधिक घटना की सख्ती से जांच कराने का आश्वासन दिया। हालांकि विपक्ष ने हंगामा जारी रखा। इसके बाद श्री कुमार ने श्रीमती राबड़ी देवी को उनके शासन और लालू युग की याद दिलाई। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से अपनी सीटों पर बैठने का अनुरोध करते हुए कहा कि हर मामले में समय पर कार्रवाई की गई है।

## विस में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर लगे रोक : नीतीश



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सदन के अंदर इसके इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। कुमार ने विधनसभा में गुरुवार को भोजनावकाश पूर्व प्रश्नकाल के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक कृष्ण कुमार मोहन उर्फ संडे यादव के मोबाइल फोन को देखते हुए सवाल पूछने पर सख्त आपत्ति जताई। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव से सदन में मोबाइल फोन पर सख्ती से रोक लगाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में पहले से ही मोबाइल फोन पर प्रतिबंध है लेकिन इसके बावजूद कई सदस्य इसे अंदर लेकर आ रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो भी व्यक्ति मोबाइल फोन लेकर आए उसे सदन से तुरंत बाहर निकाल देना चाहिए। कुमार ने यह भी कहा कि पांच-छह साल पहले तक सदन में मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं होता था लेकिन अब यह आम बात हो गई है, जिससे सदन की कार्यवाही बाधित होती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में मोबाइल फोन लाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए और सभाध्यक्ष इस पर जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई करें।

# जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में स्थानीय लोगों का बांटी गईं मुफ्त दवाइयां

**उधमपुर,** 20 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बटल बालियां ग्राम पंचायत में गुरुवार को सीआरपीएफ 187 बटालियन द्वारा एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बटल बालियां पंचायत के साथ-साथ आसपास की पंचायतों के लोग भी शामिल हुए। कैंप में डॉक्टरों द्वारा लोगों का मेडिकल चेकअप किया गया और साथ ही मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। इस कैंप का उद्घाटन 187 बटालियन के कमांडेंट मोहम्मद साजिद ने किया। बटालियन की ओर से इस पहल के लिए स्थानीय लोगों ने धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें काफी मदद मिल रही है।

कमांडेंट मोहम्मद साजिद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बटालियन अपनी ड्यूटी निभाते हुए मानवता की सेवा भी कर रही है। इस तरह के कैंप दूर-दराज के इलाकों में आयोजित किए जाते हैं ताकि उन क्षेत्रों के लोगों को राहत मिल सके।

भविष्य में भी इस तरह के और कैंप लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके। बालियां ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच मनमोहन रैना ने कहा, सीआरपीएफ 187 बटालियन की तरफ से यहां जो कैंप लगाया गया है, उसके लिए हम उनका दिल से धन्यवाद करते हैं। पिछले साल भी इसी स्थान पर कैंप लगाया गया था, और लोगों को बहुत मदद मिली थी। इस बार भी यह कैंप लोगों की सेवा में तत्पर है और हम आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने छूट गए लोगों से यहां आकर कैंप का



■ **सीआरपीएफ 187 बटालियन ने किया मेडिकल शिविर आयोजित**

लाभ उठाने की अपील की। सीआरपीएफ 187 बटालियन के कमांडेंट मोहम्मद साजिद ने बताया, हमारा उद्देश्य है कि हम दूर-दराज के इलाकों तक पहुंच सकें, जहां चिकित्सा सुविधाएं सीमित हैं। पहले हमने यहां आसपास के गांवों में भी चिकित्सा शिविर लगाए थे और अब बटल बालियां पंचायत में यह कैंप आयोजित किया गया है। इस दौरान, हमने चिकित्सा परामर्श के साथ-साथ मुफ्त दवाइयां भी दीं। साथ ही, लोगों को सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी भी दी गई, ताकि वे आपातकालीन स्थितियों में खुद को और दूसरों को सहायता दे सकें।

उन्होंने कहा कि इस प्रयास से स्थानीय लोग न केवल शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होंगे, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में वे खुद को और दूसरों को बेहतर तरीके से सहायता देने में भी सक्षम होंगे। सीआरपीएफ द्वारा आयोजित इस कैंप को ग्राम पंचायतवासियों ने सराहा और इसके आयोजन को क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में भाजपा नेता मृत पाए गए

**श्रीनगर।** भारतीय जनता पार्टी नेता एवं गुरेज के पूर्व विधायक फकीर मोहम्मद खान ने बुधवार को श्रीनगर के उच्च सुरक्षा वाले तुलसी बाग इलाके में कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंच गईं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटनाक्रम की पुष्टि की और कहा कि श्री खान की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। खान वर्ष1996 में एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जम्मू और कश्मीर विधानसभा के लिए चुने गए थे। वह 2020 में भाजपा में शामिल हो गए।

### हेमंत सोरेन से टी एस सिंहदेव ने की औपचारिक मुलाकात

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने औपचारिक मुलाकात की। सिंह देव ने सोरेन से इस दौरान विभिन्न विषयों और मुद्दों पर चर्चा की। खासकर उन्होंने छत्तीसगढ़ के वर्तमान राजनीतिक स्थिति से भी सोरेन को अवगत कराया। इस मौके पर मंत्री इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की , विधायक रामचन्द्र सिंह एवं विधायक सोनाराम सिंकू भी मौजूद थे।

### शिवपाल ने झोपड़ीनुमा दुकान में बैठ खाई पकौड़ी

**इटावा।** अपने निराले अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव के एक वायरल वीडियो की आज खूब चर्चा है जिसमें वह एक झोपड़ीनुमा दुकान में बैठकर पकौड़ी का आनंद लेते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, शिवपाल अपने निर्वाचन क्षेत्र जसवंतनगर के भरतिया कोठी स्थित चौराहे पर भ्रमणशील थे कि तभी उनके एक पुराने साथी पहलवान ने शिवपाल से रुकने का इशारा किया तो शिवपाल सिंह तुरंत गाड़ी से उतरे और उसकी झोपड़ीनुमा दुकान में जाकर बैठ गए।

### अधिकारियों ने की एसएलबीसी सुरंग राहत कार्यों की समीक्षा

**हैदराबाद।** श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग में राहत कार्यों में तेजी लाने के निरंतर प्रयास में, वरिष्ठ अधिकारियों ने गुरुवार को नागरकुरनूल जिले के आचम्पेट निर्वाचन क्षेत्र में डोमलपेंटा में एसएलबीसी इनलेट 1 कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक में सेना के जनरल कमांडिंग ऑफिसर मेजर अजय मिश्रा, आपदा एवं प्रबंधन विभाग के विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार व नागरकुरनूल के जिला कलेक्टर बदावत संतोष, जिला एसपी वैभव गायकवाड़ रघुनाथ और सेना और राहत दल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# महाराष्ट्र के नागपुर में सामान्य स्थिति बहाल

**मुंबई,** 20 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नागपुर में धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो रही है लेकिन हाल ही में हुई हिंसा के बाद कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में कर्फ्यू जारी है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि सोमवार को उस समय हिंसा भड़क गई, जब अफवाह फैली कि एक पवित्र ग्रंथ के साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया है। यह घटना खुलदाबाद में मुगल सम्राट औरंगजेब की समाधि हटाने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान हुई। हिंसा के बाद नागपुर के कई संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू लगाया गया। नागपुर कलेक्टर डॉ. विपिन इतनकर ने मीडिया से कहा कि स्थिति सामान्य हो गई है, लेकिन कुछ इलाकों में कर्फ्यू जारी है। कलेक्टर विपिन इतनकर ने बताया कि सरकार नागरिक संपत्तियों को हुए नुकसान का आकलन कर रही है और प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जाएगा। प्रारंभिक आंकलन के अनुसार, इस घटना में 50-60 दोपहिया वाहन, 10-15 चारपहिया वाहन, क्रेन और 5-10 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रशासन इस मामले में पुलिस के संपर्क में है। प्रशासन ने नुकसान का आकलन करने के लिए एक टीम तैनात की है। वहीं, नागपुर पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि हिंसा में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए 18 विशेष टीमें बनाई गई हैं। अब तक 69 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि पुलिस ने 200 आरोपियों की पहचान कर ली है। इसके अलावा, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक अन्य अन्य संदिग्धों की पहचान करने की प्रक्रिया जारी है। राज्य के गृह मंत्री ने कहा है कि हिंसा के मास्टरमाइंड की तलाश जारी है और पुलिस पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

■ **संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू जारी**

## कांग्रेस ने मप्र सरकार के खिलाफ किया अनोखा प्रदर्शन

# कुंभकरण बनाकर नींद तोड़ने का किया प्रयास

■ **सरकार पर घोटालों के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप**

**भोपाल,** 20 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में एक कांग्रेस विधायक ने जहां कुंभकर्ण का भेष रखा, वहीं कुछ दूसरे विपक्षी विधायकों ने बीन बजाकर प्रतीकात्मक तरीके से कुंभकर्ण को जगाया और कहा कि वे नींद में सोई सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि वे प्रदेश में हो रहे घोटालों और भ्रष्टाचार को लेकर कुंभकर्णी नींद में सोई सरकार को जगाने का प्रयास कर रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है। प्रदेश में लगातार घोटाले हो रहे हैं। इसलिए उन्होंने नाटकीय तरीके से प्रदर्शन किया। उमंग सिंघार ने आगे कहा कि प्रदेश में नर्सिंग घोटाला, परिवहन घोटाला और पटवारी घोटाला जैसे कई घोटाले हुए हैं। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है।किसानों को खाद नहीं मिल रही है।



**मध्य प्रदेश में लगातार हो रहे हैं घोटाले : उमंग सिंघार**

फिर भी सरकार कोई फैसला नहीं ले रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार भ्रष्टाचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इसलिए, वे प्रदर्शन करके सरकार की नींद खोलना चाहते हैं। कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में मौजूद गांधी प्रतिमा के सामने ये प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक दिनेश जैन कुंभकर्ण बन कर आए और अन्य विधायक हाथ में बीन लेकर चारों तरफ से घेरा बना कर बीन बजाने लगे। करीब दस मिनट तक बीन बजाने के बाद भी जब कुंभकर्ण नहीं जागा तो नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने उसे जगाने की कोशिश की, तब जाकर वह जागा। नेता प्रतिपक्ष ने जब कुंभकर्ण से पूछा कि वह क्यों नहीं जाग रहा, तब उसने खुद को सरकार बताते हुए कहा कि उसकी जब इच्छा होगी तभी जागेगा।

सिंघार ने कहा कि इन नाकों और चेकपोस्ट पर अवैध वसूली वाहनों से की जाती रही है। सौरभ शर्मा ने भी इसी तरह के कामों के जरिए संपत्ति बनायी, जिसका खुलासा लोकायुक्त छापों और इसके बाद आयकर विभाग की कार्रवाई के दौरान हुआ। आयकर विभाग को एक वाहन से करोड़ों रुपए मूल्य का सोना और करोड़ों रुपए की नगदी मिली है। इस मामले में सरकार की ओर से जवाब भी दिया गया, लेकिन कांग्रेस के अनेक सदस्य एकसाथ बोलने लगे। इन सदस्यों का कहना था कि जांच में लीपापोती की जा रही है। इसलिए इनसे जुड़े मामलों की जांच सीबीआई से करवाना चाहिए। कुछ देर के हंगामे के बाद कांग्रेस सदस्यों ने सरकार की कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए बहिर्गमन किया।

### परिवहन घोटाले के मामले में कांग्रेस ने किया बहिर्गमन

मध्यप्रदेश विधानसभा में गुरुवार को विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों ने परिवहन घोटाला और लोकायुक्त छापों के बाद चर्चा में आए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से जुड़े मामलों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। इसके साथ ही कांग्रेस सदस्यों ने सरकार की कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए बहिर्गमन किया। विपक्ष के नेता उमंग सिंघार और अन्य सदस्यों ने ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए परिवहन नाकों और चेकपोस्ट पर अवैध वसूली से जुड़ा मामला उठाया।

# तमिलनाडु में अपराध का ग्राफ कम : स्टालिन

■ **अन्नाद्रमुक ने सरकार पर लगाया कानून व्यवस्था की स्थिति खराब करने का आरोप**

**चेन्नई,** 20 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक के सदस्यों ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को विधानसभा से बहिर्गमन किया। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि राज्य में अपराध का ग्राफ कम हो रहा है और पुलिस अपराधियों से सख्ती से निपट रही है।

राज्य में बुधवार को हुई चार हत्याओं पर विशेष ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलने के बाद अन्नाद्रमुक नेताओं ने सदन से बहिर्गमन किया। अन्नाद्रमुक द्वारा बुधवार को राज्य में हुई चार हत्याओं की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोयंबटूर की घटना आत्महत्या थी, तथा शिवगंगा जिले में हुई घटना के पीछे पारिवारिक विवाद को कारण बताया गया। मदुरै में हुई हत्या के संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। इरोड में अपनी पत्नी के साथ कार में यात्रा कर रहे उपद्रवी जॉन की हत्या पिछली दुश्मनी का परिणाम थी तथा पुलिस ने गोलीबारी के बाद तीन हमलावरों को पकड़कर तत्काल कार्रवाई की है। पुलिस बल स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से काम कर रहा है तथा अपराधियों के खिलाफ निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई कर रहा है। राज्य में अपराध की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए निवारक कदम उठाए गए हैं तथा भाड़े के गिरोहों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि राज्य में हर साल अपराध की घटनाओं में कमी आ रही है और जहां भी जरूरत पड़ी, अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट लगाया गया है।



**कोयंबटूर की घटना आत्महत्या थी, तथा शिवगंगा में हुई घटना के पीछे पारिवारिक विवाद : एम के स्टालिन**

### एक साल में अपराधिक घटनाओं में आई 17,782 की कमी

मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा उठाए गए सख्त कदमों के कारण एक साल में अपराध की घटनाओं में 17,782 की कमी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दे रही है कि आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों को कानून के अनुसार दंडित किया जाए। स्टालिन ने कहा कि हत्या की कुछ घटनाओं के बारे में सोशल मीडिया पर गलत तरीके से दिखाया गया है कि अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में अपराध की घटनाओं में 6.8 प्रतिशत की कमी आई है, जिसका अर्थ है कि हत्याओं में 209 की कमी आई है और बदला लेने के लिए हत्याओं में भी 42.72 प्रतिशत की कमी आई है।

# माले नेताओं ने किया भेलवारा मुसहरी का दौरा

**पटना,** 20 मार्च (एजेंसियां)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा-माले) नेताओं ने भेलवारा मुसहरी का दौरा किया और पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। फुलवारी विधायक गोपाल रविदास ने आज घटनास्थल से लौटने के बाद कहा कि पटना जिले के भेलवारा मुशहरी टोला में 14 मार्च को होली पर्व के दौरान एक जाति विशेष के दबंगों द्वारा रंग लगाने के बहाने घर में घुसकर लूटपाट और महिलाओं एवं पुरुषों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया।लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी अब तक किसी भी दोषी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बिहार में यही सुशासन का राज है। गोपाल रविदास ने आश्वासन दिया कि भाकपा (माले) पीड़ितों के साथ खड़ी है और न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी मूलभूत समस्याओं की जानकारी भी मांगी और उनके समाधान का भरोसा दिया।उन्होंने आज बिहार विधानसभा में भी शून्यकाल के दौरान इस गंभीर मुद्दे को उठाते हुए दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की।

# विकसित रेल, विकसित भारत विश्व स्तरीय से श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ : जमशेद

**नई दिल्ली,** 20 मार्च भारतीय रेलवे, भारत की विकास कहानी का क्राउचिंग टाइगर, दुनिया की सबसे उल्लेखनीय और कम चर्चित कहानियों में से एक है कि कैसे बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के प्रति जागरूक सार्वजनिक नीति में रणनीतिक निवेश राष्ट्रीय विकास के लिए प्रभावशाली लाभांश हो सकता है। पिछले दशक (2014-2024) के दौरान भारतीय रेलवे ने जो प्रगति की है, वह विकास और प्रगति का स्वर्णिम काल हो सकता है, और यह प्रणाली आज विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते रेलवे नेटवर्क में से एक है। इसके संदर्भ में, भारत की कहानी को क्या अलग बनाता है और इसे विकास के लिए समान महत्वाकांक्षा वाले देशों और क्षेत्रों के लिए एक सबक बनाता है। मुख्य बात एक सार्वजनिक नीति दृष्टिकोण था जिसे सबसे अच्छे ढंग से यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है कि रेलवे के लिए योजना भारत के साथ और भारत के लिए बनाई गई है। इसका मतलब यह चिन्हित करना था कि यह प्रणाली आम आदमी के लिए रेलवे के रूप में अपनी आवश्यक भूमिका में विश्व स्तरीय और किफायती बनी रहनी चाहिए, साथ ही भारत के 22.4 मिलियन लोगों के दैनिक प्रयासों के साथ-साथ, जो अपने आर्थिक जीवन के एक हिस्से के रूप में इस सेवा का उपयोग करते हैं और यह कि इसे एक ऐसी प्रणाली के रूप में समानांतर रूप से विकसित होना चाहिए जो भारत के उद्योग, वाणिज्य और 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षा का समर्थन करती है।



## फैसला — जम्मू-कश्मीर में महिला सहायता प्रकोष्ठ बंद

# फैसले से पीड़ित महिलाओं का भविष्य अब अनिश्चितता में

**जम्मू,** 20 मार्च जम्मू-कश्मीर में हजारों महिलाएं जिन्होंने महिलाओं के लिए विशेष प्रकोष्ठों में शरण ली है, अब अनिश्चितता में हैं, क्योंकि राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस परियोजना को 31 मार्च, 2025 से आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है।

इस कदम ने लिंग आधारित हिंसा से बचे लोगों के भाग्य के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं, जो न्याय और पुनर्वास के लिए इन सहायता संरचनाओं पर निर्भर हैं। दरअसल हिंसा मुक्त घर-एक महिला का अधिकार पहल के तहत स्थापित, विशेष प्रकोष्ठ नवंबर 2021 से चालू हैं, जो संकट में महिलाओं को महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक-सामाजिक-कानूनी सहायता प्रदान करते हैं। टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज द्वारा जम्मू कश्मीर गृह और समाज कल्याण विभागों के सहयोग से कार्यान्वित, इन प्रकोष्ठों ने अब तक हिंसा और दुर्व्यवहार के 9,800 से अधिक मामलों को संभाला है। इन विशेष प्रकोष्ठों की विशिष्टता उनके रणनीतिक स्थान में निहित है। जम्मू और कश्मीर के प्रत्येक जिले के पुलिस स्टेशनों के भीतर। इससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहायता से महिलाओं को आपराधिक न्याय प्रणाली तक सुगम पहुंच प्राप्त हो, जिससे पीड़ितों और कानूनी निवारण के बीच की खाई को पाटा जा सके। हालांकि, एनसीडब्ल्यू द्वारा वित्तपोषण बंद करने के निर्णय के साथ, यह महिलाएं बिना किसी सहायता या सुरक्षा के, प्रक्रिया के बीच में ही खुद को परित्यक्त पा सकती हैं। 40 सामाजिक कार्यकर्ताओं और दो क्षेत्रीय समन्वयकों की एक समर्पित टीम का हिस्सा, परियोजना के एक सामाजिक कार्यकर्ता का कहना था कि हम स्थायी नौकरियों की मांग नहीं कर रहे हैं, लेकिन हम पीड़ितों की सेवा करना जारी रखना चाहते हैं। वे कहते थे कि इन सेवाओं के बिना, अनगिनत महिलाएं असुरक्षित हो जाएंगी, उनके पास न्याय पाने में मदद करने के लिए कोई संरचित प्रणाली नहीं होगी। अचानक लिए गए इस निर्णय से आक्रोश फैल गया है, कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया है कि जब इसकी आवश्यकता अभी भी गंभीर है, तो ऐसी महत्वपूर्ण पहल को क्यों बंद किया जा रहा है। लिंग आधारित हिंसा पर एक विशेषज्ञ ने पूछा कि उन हजारों महिलाओं की जिम्मेदारी कौन लेगा जिन्हें अभी भी मदद की जरूरत है। चूंकि केंद्र शासित प्रदेश के रूप में जम्मू-कश्मीर के पास अपना राज्य महिला आयोग नहीं है, इसलिए यह सुनिश्चित करना एनसीडब्ल्यू की जिम्मेदारी है कि यह सुचारू रूप से चले। वे कहते थे कि उन्हें 31 मार्च के बाद कुछ और महीनों के लिए अपना समर्थन देना चाहिए, ताकि यूटी सरकार को पहल का स्वामित्व लेने का समय मिल सके।

संस्थागत समर्थन अब अनिश्चित है, इसलिए यूटी प्रशासन, गृह विभाग और समाज कल्याण विभाग से अपील की जा रही है कि वे आगे आएं और इन आवश्यक सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करें।



■ **राष्ट्रीय महिला आयोग ने परियोजना को आगे नहीं बढ़ाने का किया फैसला**

स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com

# पल पल राजस्थान

हर पल की खबर


➲ प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 2 RAJHIN/2021/81855 कुल पृष्ठ : 4 मूल्य : 5 रु. हर पल की खबर


facebook

https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/

YouTube

https://www.youtube.com/channel/UC7p9DxdST-1wvxPMtFiPOQNw

Instagram

instagram.com/pal-palrajasthannews

Gmail

palpalrajasthan8@gmail.com

## Whatsaap No.

9024464356, 9001259073, 96729 79379